## विलायतकला में ढाई लाख रूपये की चोरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता, बदमाशों को भेजा हवालात

# शातिर बदमाशों को दबोचा, लाखों की सामग्री की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा थाना अंतर्गत विलायतकला में स्कूटी की डिग्गी से ढाई लाख रूपये चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार दिनांक 3 जून को आवेदिका राधा विश्वकर्मा 35 साल निवासी ग्राम गुड़ा कला ने शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि 01/06/26 को मैं स्टैंट बैंक विलायत कला के सामने अपनी स्कूटी क्रमांक MP 21 ZE 4484 को खड़ी करके अंदर चली गई। स्कूटी की सीट के नीचे पर्स रखा था जिसमें मेरे नगद ढाई लाख रुपये रखे थे जब मैं बैंक से वापस चली गई, जब मैं सामान खरीदने के लिये स्कूटी गाड़ी की डिग्गी खोलकर बैग देखी तो मेरे स्कूटी गाड़ी के डिग्गी में रखा बैग नहीं था, जिसमें मेरे ढाई लाख रुपये रखे थे। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

विवेचना के दौरान सुमित सिसोदिया 30 वर्ष औऱ संजय सिसोदिया 38 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भोलगढ़ थाना कोतवाली अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ में आरोपितों ने बताया कि 01/06/2026 को बिलायतकला में दोपहर में स्टेट बैंक के सामने से एक



स्कूटी से 03 तीनों लोगो ने स्कूटी की डिक्की तोड़कर ढाई लाख रुपए चोरी किए थे जो पैसे तीनों लोगों ने 80000/ 80000/रुपए बाँट लिए थे तथा 10000/ रुपए खर्च कर दिए थे। घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बिना नम्बर की होण्डा साईन जो सुमित सिसोदिया की है तथा होण्डा साईन यूनिकोन गाड़ी सो संजय सिसोदिया की है तीनों लोग महरोई थाना पाली जिला उमरिया में रामकुमार बैगा के पहुंचे। मोटर साईकिल उसी के यहाँ खड़ी कर दिए थे। बचे हुए चोरी के पैसे सुमित के 14000/ रुपए और संजय के 12000/ रुपए छिपाकर रख दिए हैं बताए औऱ तीनों संजय की मोटर साईकिल होण्डा साईन यूनिकोन से बैठकर तीनों चले गए थे औऱ कुछ दिन बाद पिण्टू यादव अपने घर बिहार चला गया । मेमोरेंडम कथनों के आधार पर बताये हुये स्थान पर मो.साई. बिना नम्बर की होंडा साईन तथा सुमित सिसोदिय से 14,000 रुपये और मो.साई. होंडा साईन की मुताबिक पत्रक के जप्ती की गई तथा संजय सिसोदिया से चोरी के पैसे करीब 12,000 रुपये मेमोरेडंम के आधार पर जप्त किये गये । गिरफ्तार शुदा आरोपीगणों सुमित सिसोदिया पिता राधेश्याम सिसोदिया उम्र 30 वर्ष औऱ संजय सिसोदिया पिता टीकम सिसोदिया उम्र 38 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भोलगढ़ थाना कोतवाली अनूपपुर जिला अनूपपुर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जिला जेल कटनी में दाखिल किया गया।

### जीआरपी ने दो शातिर बदमाशों को पकड़ा



जीआरपी ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। बरामद सामग्री की कीमत 642500 रुपये बताई जा रही है। रेल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जीआरपी कटनी द्वारा रेलवे क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान पुलिस ने पूर्व में दर्ज एक मामले में अमित सिंह रघवार और शरद उर्फ गोलू झारिया को गिरफ्त में लेकर पूछताछ की।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों से पूछताछ में चोरी की अन्य घटनाओं से जुड़ी जानकारी सामने आई। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए जीआरपी ने दो अन्य मामलों में चोरी गए सामान की बरामदगी की। आरोपियों की निशानदेही और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, अलग-अलग कंपनियों के पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया है। जीआरपी के अनुसार बरामद किए गए सामान की कुल अनुमानित कीमत 6 लाख 42 हजार 500 रुपये है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

### पांच तस्करों को किया गिरफ्तार, 10 पेटी अवैध शराब की गई जब्त



स्लीमनाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मारुति ईको कार क्रमांक एमपी-20-जेडए-1151 को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन से आठ पेटी देसी मसाला शराब और दो पेटी देसी शराब सहित कुल 10 पेटी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उमेश दीक्षित (47) निवासी हरदी, जय कुमार पटेल (35), सनित पटेल (22) एवं आनंद उर्फ सोनू पटेल (29) निवासी पड़रिया खुर्द तथा नीरज पटेल (27) निवासी सिमरिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में एसआई सिद्धार्थ राय, प्रधान आरक्षक तेज प्रकाश सिंह, प्रेम शंकर पटेल, लखन पटेल, आरक्षक मनीष पटेल और रोहित पाटकर की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपितों को भेजा जेल

**उमरियापान।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बार बरेली गांव में प्रौढ़ की मौत के मामले में उमरियापान पुलिस ने सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक बार बरेली निवासी शोहबत चक्रवर्ती (56) का शव बुधवार रात फंदे से लटका मिला था। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। घटना के बाद गुरुवार को परिजनों ने शव को उमरियापान के आजाद चौक पर रखकर चक्काजाम किया था। परिजनों का आरोप था कि 2 जुलाई को जमीन विवाद को लेकर परिवार के ही कुछ लोगों ने शोहबत चक्रवर्ती के साथ मारपीट की थी। इसकी शिकायत उमरियापान थाने में की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से वे मानसिक रूप से परेशान थे। थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर जगन्नाथ चक्रवर्ती, रामनाथ चक्रवर्ती, बैजनाथ चक्रवर्ती, जगदीश चक्रवर्ती तथा दो महिलाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जिले में अब तक 197.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 11 जुलाई तक कुल 197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्यत अवधि के दौरान जिले में 470.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीअमनाबाद तहसील में रिकार्ड 623.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 367.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 228.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 271.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 64.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 145.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 146.1 मिमी, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 367.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 129.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### कार चालक ने मारी टक्कर, कई घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पौसरा पुलिया के पास कार क्रमांक MP 20 CC 6805 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे वाहन को टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में लोगों को चोटें आई हैं। कोतवाली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

*निवार चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान की कार्यवाही*

# दो महिलाओं के पास से बरामद किया गया 475 ग्राम गांजा, संदिग्ध फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

निवार चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक महिला के कब्जे से 235 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रात करीब 2:55 बजे पुलिस टीम ग्राम मोहनिया रोड क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान एक महिला अपने घर के बाहर एक व्यक्ति को संदिग्ध वस्तु देते हुए दिखाई दी। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति मौके से फरार हो गया। संदेह होने पर पुलिस ने महिला को रोककर पूछताछ की। महिला ने अपना नाम कौशर बी 42 वर्ष निवासी शाहपुर बताया। उसके हाथ में एक पन्नी थी जिसे महिला पुलिस की उपस्थिति में तलाशी ली गई। पन्नी के अंदर गांजा बरामद हुआ। तौल कराने पर 235 ग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त करते हुए आरोपित महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी। चूंकि बरामद गांजा अल्प मात्रा में था, अपराध में सात वर्ष से कम सजा का प्रावधान है तथा आरोपित स्थानीय निवासी एवं महिला होने के कारण उसे धारा 35(3) बीएनएसएस का नोटिस देकर न्यायालय में उपस्थित होने की शर्त पर रिहा किया गया। वहीं, फरार हुए संदिग्ध व्यक्ति की तलाश भी पुलिस द्वारा की जा रही है।

इसी तरह रात्रि भ्रमण के दौरान ग्राम लालपुर रोड स्थित एक किराना दुकान के सामने एक महिला संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। महिला के हाथ में पन्नी थी। पुलिस को देखकर वह छिपने का प्रयास करने लगी, जिससे संदेह होने पर उसे रोककर पूछताछ की गई। महिला ने अपना नाम शकीला बानो उर्फ बेबी 48 वर्ष निवासी लालपुर बताया। तलाशी लेने पर पन्नी के अंदर गांजा मिला। तौल कराने पर 240 ग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने गांजा को सीलबंद कर जब्त करते हुए आरोपी महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। बरामद गांजा अल्प मात्रा में था इसलिए न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप उसे धारा 35(3) बीएनएसएस का नोटिस तामील कर न्यायालय में निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने की हिदायत दी गई।

## नेशनल हाईवे कटनी-जबलपुर मार्ग पर होने वाले हादसों पर रोक लगाने के लिये अब आवारा गौवंश को भेजा जाएगा गौशाला

**कटनी।** नेशनल हाईवे कटनी-जबलपुर मार्ग पर शाम के समय आवारा मवेशियों और गौवंश के सड़क पर बैठने एवं आवागमन के कारण लगातार जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति और इससे होने वाली जनहानि की आशंका को देखते हुए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जनपद पंचायत कटनी, रीठी और बड़वारा एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। अब शाम 5 बजे के बाद हाईवे पर आवारा गौवंश के घूमने या सड़क किनारे बैठने पर रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान पाए जाने वाले गौवंशों को पकड़कर अस्थायी गौशालाओं या कांजी हाउस में सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

प्रशासन ने दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित राहत के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी दुर्घटना में व्यक्ति घायल होता है, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जाएगा। वहीं, सड़क हादसों में घायल पशुओं के उपचार के लिए सभी पशु चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल उन्हें नजदीकी उपचार केंद्र पहुंचाकर इलाज सुनिश्चित करें।

# जांच में गरम मसाला निकला अमानक, व्यापारी पर लगा 45 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मिथ्याछाप (मिसब्रांडेड) गरम मसाला विक्रय एवं संग्रहण के मामले में न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुये पोस्टर ऑफिस गली रोड, कटनी स्थित मेसर्स सुमित किराना के संचालक पर 45 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। प्रकरण के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुर्मी द्वारा 5 दिसंबर 2020 को मेसर्स सुमित किराना का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक जगदीश चांदवानी द्वारा विभिन्न प्रकार के मसालों का विक्रय एवं भंडारण किया जाना पाया गया। इसी दौरान "दिव्य ज्योति मिक्स गरम मसाला" के पैक्ड उत्पाद में संदेह होने पर उसका नमूना जांच हेतु लिया गया।

नमूना विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए सील कर प्रयोगशाला भेजा गया, जहां 1 फरवरी 2021 को प्राप्त जांच रिपोर्ट में उक्त खाद्य पदार्थ को मिथ्याछाप पाया गया। इसके बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

सुनवाई के दौरान दुकान संचालक को नोटिस तामील किया गया, लेकिन वह बार-बार अनुपस्थित रहा और कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। इसके चलते न्यायालय ने एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए उपलब्ध दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि संबंधित व्यापारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(2)(ii) एवं धारा 52 का उल्लंघन किया गया है। इस पर उसे 45 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया।

आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि उक्त राशि 30 दिनों के भीतर निर्धारित मद में ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा कर उसकी प्रति न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। निर्धारित अवधि में राशि जमा न करने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तिलक कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बढ़ती जनसंख्या से वैश्विक स्तर पर बढ़ रही कई चुनौतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण संसाधनों पर बढ़ता दबाव, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास जैसी चुनौतियाँ वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई हैं। इन चुनौतियों के समाधान के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी




एवं जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को विश्व जनसंख्या दिवस के इतिहास, उद्देश्य तथा जनसंख्या से संबंधित प्रमुख वैश्विक चुनौतियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि संतुलित जनसंख्या विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और जन-जागरूकता ही सतत एवं समावेशी विकास का आधार हैं।

प्रो. अजय कुमार कुररिया ने बढ़ती जनसंख्या के आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संसाधनों के समुचित उपयोग, बेरोजगारी, गरीबी तथा मानव विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती प्रियंका गुप्ता ने विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विश्व जनसंख्या से जुड़ी समस्याओं, चुनौतियों एवं उनके संभावित समाधानों से अवगत कराया तथा जनसंख्या संतुलन, लैंगिक समानता और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि विश्व जनसंख्या दिवस 2026 की थीम ₹युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना – वर्तमान तथा भविष्य के लियेः निर्धारित की गई है। इस थीम के माध्यम से युवाओं को उनके अधिकारों, अवसरों और सशक्त भागीदारी के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि वे जनसंख्या और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें।



## खबर संक्षेप



### कार में अचानक लगी आग, जलकर हुई खाक

**कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को कार में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12:44 बजे पुलिस कंट्रोल रूम कटनी को सूचना मिली कि माधव नगर थाना अंतर्गत कुंदनदास स्कूल के सामने एक कार धूं-धूं कर जल रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग तत्काल एक्शन में आया। बिना समय गंवाए सिविल लाइन जोन से 01 फायर ब्रिगेड वाहन को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया। कार में आग किस वजह से लगी इसकी जांच की जा रही है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम 19 सूत्रीय कार्यकर्ताओं का ज्ञापन सुनाया।आंगनवाड़ी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने मांग की कि उनसे आईसीडीएस के अतिरिक्त बीएलओ, जनगणना और अन्य विभागीय कार्य नहीं कराए जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी आंगनवाड़ी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे बच्चों और कर्मचारियों को कार्यकर्ताओं का सामना करना पड़ रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आंगनवाड़ी केंद्रों में विभागीय, गैस कनेक्शन, रसोई उपकरण, भवन और बच्चों के लिए राशन पोषण आहार की उचित व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई। साथ ही किराए के आवंटन में संचालित आंगनवाड़ी आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया बढ़ाने तथा बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। आंगनवाड़ी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनके आंगनवाड़ी केंद्रों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### मुनि संघ के आगमन पर निकाली धर्म यात्रा

**कटनी।** आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक समता सागर महाराज, पवित्र सागर महाराज, ऐलक पवित्र सागर महाराज, ऐलक निश्चिय सागर महाराज का नगर आगमन हुआ है। इस अवसर पर प्रातः माई नदी से मुनि संघ के साथ धर्म यात्रा प्रारंभ होकर भगवती चौरहा, हीरांगज, गोलबाजार,मेन रोड़, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, जवाहर चौक से होते हुये श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग.जैन दिग.जैन मंदिर में धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई धर्मयात्रा में आगे धर्मध्वज लिये अश्वारोही डी.जे.पर गुरूभक्त मण्डल भजन गाते हुये उसके पीछे दिग.जैन पंचायत महासभा, आचार्य विद्यासागर नवयुवक मण्डल बालिका मण्डल, जिनाज्ञा परिवार,अखिल भारतीवर्षीय दिग.जैन महिला परिषद्, दिग.जैन सोशल ग्रुप जैन मिलन, दि.जैन सोशल ग्रुप रॉयल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ समाज के अनेक गणमान्य नागरिक चल रहे थें मार्ग में जगह-जगह रंगोली सजाकर, आरती उतारकर मुनि संघ की आगवानी की गई।

### दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन शुरू

**कटनी।** दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है। इस योजना के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल जैसे उपयोगी संसाधनों का लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पुलिस कप्तान के निर्देश पर जिले भर में पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

# 106 वारंटियों को किया गिरफ्तार बदमाशों के ठिकानों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में विशेष मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने फरार वारंटियों, निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों, जिलाबदर अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर व्यापक कार्रवाई की। अभियान का उद्देश्य लंबित वारंटों का निष्पादन, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना रहा।

#### घर पहुंचकर किया सत्यापन

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान छह स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि 67 गिरफ्तारी वारंटों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा 33 जमानती वारंट और 27 समंस तामील किए गए। कुल 106 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।कॉम्बिंग अभियान के तहत 34 गुंडा बदमाशों और 35 निगरानीशुदा अपराधियों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया। वहीं दो जिलाबदर बदमाशों की भी जांच की गई। अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 11 प्रकरण दर्ज किए गए।

#### होटलों व ढाबों में की गई जांच

सार्वजनिक स्थानों पर अवैध हथियार लेकर घूमने वाले दो लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस, 45 लोगों के विरुद्ध धारा 126/135 बीएनएसएस तथा 21 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 129 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। रात्रिकालीन गश्त के दौरान 28 मुसाफिरों का सत्यापन किया गया। साथ ही 41 होटल, ढाबों और सरायों की जांच की गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 42 एटीएम की भी सुरक्षा जांच की गई।

इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वाले छह चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए गए। रात्रिकालीन गश्त के दौरान विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में आने-जाने वाले मुसाफिरों का सत्यापन कर उनका विवरण मुसाफिर रजिस्टर में दर्ज किया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या फरार अपराधी की सूचना तत्काल निकटतम थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



## मूंग-उड़द खरीदी केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर के बीच समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी के लिए उमरियापान उपार्जन केंद्र का शनिवार को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने विधिवत उद्घाटन किया। विधायक ने पूजा-अर्चना कर खरीदी केंद्र की शुरुआत की और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

#### किसानों को मिलेगा उचित मूल्य

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार योजनाएं संचालित कर रही है। समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा।उमरियापान समिति प्रबंधक अश्वनी शुक्ला ने बताया कि उपार्जन केंद्र में मूंग की खरीदी 8,767 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द की खरीदी 7,800 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

इस दौरान पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,किसान संघ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पटेल,तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा, राजा चौरसिया, बसंत चौरसिया, ललित गौतम, जितेंद्र अरोरा ,रविन्द्र सिंह, सुनीता दुबे, प्रिया सिंह,शैलेन्द्र पौराणिक, जगन्नाथ मांझी,संदीप सोनी,प्रदीप चौरसिया, पूरन राय,वैभव चौरसिया, दिनेश गुप्ता,पारस पटेल, अरुण गुप्ता,नरेश जायसवाल,नीलू चौरसिया,संतोष यादव सहित किसान एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रदेश की बेटियों को कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश शासन ने शैक्षणिक सत्र 2026 से प्रदेश के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश लेने वाली महिला प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है। मप्र राज्य कौशल विकास एवं रोजगार बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था प्रदेश के सभी शासकीय आईटीआई में लागू होगी।

नई व्यवस्था के अनुसार महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम वर्ष के प्रवेश शुल्क में सीधे 1,335 रुपए की बचत होगी। अब प्रथम वर्ष का कुल शुल्क 4,755 रुपए होगा, जबकि पहले यह 6,090 रुपए था। यह रियायत शैक्षणिक सत्र 2026 से प्रवेश लेने वाली सभी महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रदेश के समस्त शासकीय आईटीआई में उपलब्ध होगी।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार गौतम टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य कर रही है।

प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट का यह निर्णय अधिक से अधिक बेटियों को आईटीआई में प्रवेश लेकर तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी किसी भी बेटी के कौशल विकास में बाधा नहीं बने, इसी सोच के साथ यह निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने शासकीय आईटीआई में पहले से ही बालिकाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर रखी हैं। इस पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। वर्ष 2025 में प्रदेश के शासकीय आईटीआई में 12,169 बालिकाओं ने प्रवेश लिया, जो वर्ष 2024 की तुलना में 3.29 प्रतिशत अधिक है।

### एनएचएम ने संविदा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा बढ़ाई

**कटनी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मप्र ने संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उनकी सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा दिया है। अब पात्र संविदा कर्मचारियों के साथ-साथ सेवा अवधि के दौरान निधन होने पर उनके आश्रितों को भी उपादान (ग्रेच्यूटी) का लाभ मिलेगा। इस पहल से कर्मचारियों के परिवारों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक संबल प्राप्त होगा। इसी दिशा में 8 जुलाई को एनएचएम के इतिहास में पहली बार एक दिवंगत संविदा कर्मचारी के आश्रित को मृत्यु उपरांत ग्रेच्यूटी राशि का भुगतान किया गया। इसे संविदा कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अपर मिशन संचालक एनएचएम श्रीमती दिशा प्रणय नागवंशी ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 26 अगस्त 2025 से उपादान भुगतान की प्रक्रिया लागू की है। उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार 1 सितंबर 2025 के बाद सेवा पूर्ण करने वाले पात्र संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ग्रेच्यूटी का लाभ मिलेगा।

## ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2024 सर्वे के तहत प्रारूप स्थायी प्रतीक्षा सूची के अंतिमकरण एवं ग्राम सभा सत्यापन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए जिले के सभी ग्रामों में 9 एवं 10 जुलाई को दो दिवसीय ग्राम सभाओं का आयोजन जन प्रतिनिधियों,ग्रामीणजनों और महिलाओं की मौजूदगी में हुआ। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की सतत निगरानी में आयोजित ग्राम सभाओं में एजेंडा के बिंदु क्रमांक 03 से 06 तक की कार्यवाही की गई। ग्राम सभाओं का संचालन पूर्व से नियुक्त स्थायी नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम सभाओं का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। संबंधित नोडल अधिकारियों, सभी सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को भी ग्राम सभाओं में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए निर्धारित कार्यवाही का पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

## विशेष राजस्व शिविर में ननि के कोष में एक दिन में 16.85 लाख रुपये जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी ने संपत्ति करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए संपत्ति कर पर प्रदान की जा रही 5 प्रतिशत अग्रिम छूट की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर संपत्ति कर जमा करें और अग्रिम छूट के माध्यम से अपनी राशि की बचत सुनिश्चित करें। शासन के निर्देशों एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को निगम कार्यालय तथा सभी जोन कार्यालयों में विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में संपत्ति कर जमा कराया। राजस्व विभाग द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई थीं, जिससे भुगतान प्रक्रिया सरल एवं सुगम रही।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि विशेष शिविर के साथ-साथ राजस्व अमले द्वारा विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया। कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों को 5 प्रतिशत अग्रिम छूट की जानकारी दी तथा मौके पर ही संपत्ति कर जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई। इस जन जागरूकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला और बड़ी संख्या में करदाताओं ने समय पर कर भुगतान किया। विशेष शिविर के दौरान कुल 16 लाख 85 हजार 99 रुपये की संपत्ति कर राशि निगम कोष में जमा हुई, जो नागरिकों की सक्रिय सहभागिता तथा निगम प्रशासन के प्रभावी राजस्व अभियान का प्रमाण है।

नगर निगम प्रशासन ने नगर वासियों से अपील की है कि वे 31 जुलाई 2026 तक प्रदान की जा रही 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समय पर संपत्ति कर का भुगतान न केवल नागरिकों को आर्थिक बचत प्रदान करता है, बल्कि इससे नगर में स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति तथा अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं के विकास कार्यों को भी गति मिलती है। नगर के समग्र विकास में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

### जेट मशीन सहित स्वच्छता मित्र कर रहे सतत प्रयास

## जल भराव की समस्या से निबटने के लिये चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को जलभराव, गंदगी एवं आवागमन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर भर में विशेष स्वच्छता एवं जल निकासी अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। निगम प्रशासन के निर्देशन में जेटिंग मशीन, नाला मेन मशीन तथा स्वच्छता मित्रों की संयुक्त टीम प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में पहुंचकर नालों, नालियों एवं सीवर लाइनों की सफाई कर रही है, जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

माधव नगर में जेटिंग मशीन से दुरुस्त की गई सीवर व्यवस्था

स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय सोनी ने बताया कि शनिवार को वार्ड क्रमांक 39 स्थित मानसरोवर कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक 42 में सीवर लाइन चोक होने की शिकायतों के निराकरण हेतु जेटिंग मशीन के उच्च दाब (प्रेशर) से सीवर लाइनों की सफाई कराई गई। इसके परिणामस्वरूप जल निकासी व्यवस्था को पुनः सुचारू बनाया गया तथा संभावित जलभराव की स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया गया। इसी क्रम में नाला मेन मशीन एवं स्वच्छता मित्रों की सहायता से शांति नगर, माधवनगर, समदड़िया कॉलोनी, शिव मंदिर के समीप सहित विभिन्न क्षेत्रों में नालों से सिल्ट, कचरा एवं अन्य अपशिष्ट हटाकर जल प्रवाह को निर्बाध बनाया गया।

स्वच्छता मित्रों की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 2 में खेर माता मंदिर के सामने एवं जगन्नाथ मंदिर के पीछे, वार्ड क्रमांक 9 में चटर्जी मैडम के घर के पास, वार्ड क्रमांक 12 के संत नगर, शिव नगर एवं सिंधी स्कूल क्षेत्र, सिविल लाइन सूरी गली, वार्ड क्रमांक 27 में अग्निहोत्री जी के घर के समीप, वार्ड क्रमांक 32 भट्टा मोहल्ला, रॉबर्ट लाइन झूलेलाल मंदिर के पीछे, वार्ड क्रमांक 42 पंजवानी गली सहित नगर के अनेक क्षेत्रों में नाले-नालियों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

निगम प्रशासन द्वारा वर्षा ऋतु में नागरिकों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए नगर के प्रमुख मार्गों की नियमित सफाई भी करवाई जा रही है। पन्ना मोड़, बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय, जगन्नाथ चौक से गर्ग चौराहा, स्टेशन रोड, अल्फर्ट गंज, सुभाष चौक से विश्वकर्मा पार्क, मोहन टॉकीज रोड, वेंकट लाइब्रेरी परिसर, गायत्री नगर मुख्य मार्ग, मिशन चौक, खिरहनी ओवरब्रिज के नीचे, माधव नगर मुख्य मार्ग, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों की सफाई कर एकत्रित कचरे एवं अपशिष्ट का वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित किया गया।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न डालें तथा स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त कटनी के निर्माण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं

## सहायक यंत्री को नोटिस, एनआरएलएम टीम के वेतन आहरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निर्माण एवं विकास कार्यों का प्रगति के आधार पर मूल्यांकन एवं समयबद्ध भुगतान कराएं। केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में परिणाम मूलक त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। निर्माण एवं विकास कार्यों को नियत समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। दायित्वों और कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ये निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा बैठक में उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर जवाब देही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बगैर अनुमति अनुपस्थिति पर नोटिस

सुश्री कौर ने जनपद पंचायत वार आंगनबाड़ी भवनों की पूर्णता, वीबी जी राम जी, जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एनआरएलएम,15वां वित्त, डीएमएफ मद से स्वीकृत मेजर मरम्मत कार्य, स्वच्छ भारत मिशन, वृंदावन ग्राम, सीएम हेल्पलाइन, न्यायालय प्रकरण की गहन समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। सख्ती से निर्देशित करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिक प्राथमिकता से पूर्ण कराए जाने की निर्देश दिए।

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सहायक यंत्री श्री अरुण चतुर्वेदी के बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ढीमरखेड़ा की एनआरएलएम टीम की प्रगति न्यून,असंतोष जनक पाए जाने पर प्रगति आने तक वेतन रोकने हेतु जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ को निर्देशित किया।

आंगनवाड़ी भवनों में बाल सुलभ शौचालय और पूर्ण होने की स्थिति में ग्राम पंचायत को हस्तांतरण की कार्रवाई बिना देर किए करें। एमडीएम के अंतर्गत खाद्यान्न उठाव और बर्तन हेतु उपलब्ध राशि के उपयोग पर विशेष ध्यान रखें। सुश्री कौर ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल जन हितैषी योजना के पंजीयन, लंबित प्रकरणों और अनुग्रह सहायता संबंधी मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत रोजगार गारंटी परिषद भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप वित्तीय और अन्य प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें। श्रमिक नियोजन में वृद्धि करें। श्रमिकों को 100 दिवस की जगह 125 दिन का रोजगार एवं दैनिक मजदूरी 300 रूपये शासन के निर्देशानुसार निर्धारित की गई है इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य स्थल पर समग्र जानकारी प्रदर्शित करते हुए सूचना पटल आवश्यक रूप से लगाए।

## अवैध वसूली की शिकायत पर तीन दिन में जवाब किया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी में सफाई कर्मचारियों से अवैध रूप से धनराशि मांगने की वार्ड क्रमांक 2 के सफाई कर्मचारियों के शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 2 के प्रभारी वार्ड दरोगा भरत गौर, जयहिंद के को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कर्मचारियों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच प्रारंभ करते हुए संबंधित वार्ड प्रभारी को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपयुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया द्वारा जारी सूचना पत्र के अनुसार वार्ड क्रमांक-02 के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा संयुक्त आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई है कि प्रभारी द्वारा कर्मचारियों से 3-3 हजार रुपये की मांग की गई। राशि नहीं देने पर कार्य से हटाने तथा अन्य वार्डों में स्थानांतरण कराने, पेंशन एवं अन्य प्रकरणों में विलंब किए जाने जैसी धमकी दिए जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। शिकायत में इस प्रकार का आचरण कर्मचारी आचरण संहिता के विपरीत बताया गया है।

#### तो होगी कार्यवाही

निगम उपायुक्त श्रीमती झरिया ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित प्रभारी को तीन दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता अथवा आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाते हैं, तो नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। उन्होने क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया, राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

### जिला चिकित्सालय में अव्यवस्था पर कांग्रेस सख्त, जल्द सुधार न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय में आईसीयू की छत टपकने और अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में समस्त जिला कांग्रेस ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईसीयू में जलभराव, डॉक्टरों के राउंड न लगने और इलाज के नाम पर पैसे मांगे जाने जैसी शिकायतें सामने आईं। इस पर कांग्रेस ने कहा है कि जिला चिकित्सालय में जल्द से जल्द सुधार नहीं लाया गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने सीएमएचओ से आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची और ईपीएफ का ब्यौरा भी मांगा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मरीजों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मजदूर के साथ ठेकेदार ने की मारपीट, मामला दर्ज

**शाहनगर।** थाना वाहनगर क्षेत्रांतर्गत टिकरिया के समीप खरमोरा में मजदुरी छोड कर अपने घर आने पर एक ठेकेदार ने मजदूर के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी मामले की शिकायत फरियादी भरत खैरवार पिता मुन्नु खैरवार उम्र 24 वर्ष निवासी खरमोरा ने थाना शाहनगर पहूच कर रिपोर्ट दर्ज कराई की 9जुलाई की बात है मे कृषि कार्य को लेकर अपने खेतों की ओर जा रहा था तभी ठेकेदार नंदकिशोर खैरवार पिता राजाराम खैरवार ने कहा की तुम काम छोडकर शहर से आ गये मेरा नुकसान हो गया तो मेने कहा की की मेरी खेती किसानी थी तो उसने पास ही जमीन पर पडा डन्डा मेरे सिर पर मार दिया और भागते हुये कह रहा था की रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगे। मामले की शिकायत के अधार पर शाहनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत की उठाई मांग

# कनोरा के पास क्षतिग्रस्त पुलिया और सड़क बनी हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



हटा-बटियागढ़ को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर ग्राम कनोरा के पास क्षतिग्रस्त पुलिया और सड़क की बदहाल स्थिति लगातार दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। इस मार्ग से पन्ना, सतना, रीवा सहित अन्य क्षेत्रों के लिए भारी संख्या में डंपर और ट्रक गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद आज तक इस मार्ग पर रखरखाव और मरम्मत का कोई कार्य नहीं कराया गया। सड़क किनारे उगी बबूल की झाड़ियां भी यातायात में बाधा बन रही हैं। वहीं ग्राम शहजादपुर के पास सड़क पर बनी गहरी कटिंग के कारण भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीण रूपेंद्र सिंह ने बताया कि कनोरा के पास क्षतिग्रस्त पुलिया की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पुलिया, सड़क की कटिंग और झाड़ियों की सफाई नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर पुलिया की मरम्मत, सड़क की कटिंग का सुधार और सड़क किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लापरवाही के कारण कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों की होगी।

# नशे से दूरी है, जरूरी अभियान 15 जुलाई से

## दमोह को ड्रग फ्री बनाने की मुहिम तेज, सभी विभागों को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश

**दमोह।** जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में गांजा, अफीम की अवैध खेती, नशीले पदार्थों की तस्करी तथा प्रतिबंधित दवाइयों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले को ड्रग फ्री बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के माध्यम से युवाओं को नशे की लत से बचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि युवा पीढ़ी गलत दिशा में जाने से बच सके।

बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए गए कि जिले के मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि प्रतिबंधित एवं नशे के रूप में उपयोग होने वाली दवाइयों का अवैध विक्रय न हो। वहीं कृषि एवं वन विभाग को दूरस्थ क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती पर विशेष निगरानी रखने और ऐसी गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री यादव ने आबकारी विभाग को भी अवैध शराब एवं प्रतिबंधित मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख परिवहन माध्यमों पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया, ताकि बाहरी राज्यों से होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा प्रशासन गरीब एवं कचरा बीनने वाले बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को भी गंभीरता से ले रहा है। ऐसे बच्चों एवं उनके अभिभावकों के बीच जन-जागरूकता अभियान चलाकर नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। स्कूल जाने की उम्र के बच्चों को नशे की लत से दूर रखने के लिए समाज, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता से व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि नशे के विरुद्ध अभियान को निरंतर चलाते हुए जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा 2028 तक ड्रग फ्री इंडिया संकल्प लिया गया है, उन्होने कहा नशे से दूरी है, जरूरी अभियान 15 जुलाई से शुरू किया जा रहा है, पुलिस अधीक्षक ने कहा ड्रग, वन, स्वास्थ्य, कृषि तथा शिक्षा विभाग सक्रिय सहयोग आवश्यक है, उन्होने कहा प्रतिबंधित दवा/सीरप की जिले में बिक्री न हो सुनिश्चित किया जायें। इस कार्यवाही में पुलिस की पूरी मदद मिलेगी, साथ ही कहा संयुक्त कार्यवाही की जाये। श्री कलादगी ने कहा अवैध तस्करी पर पुलिस कार्यवाही कर रही है, आबकारी भी कार्यवाही करें। उन्होने पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही के लिए कहा।

# तेंदूखेड़ा आईटीआई कॉलेज वापसी की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शनिवार को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक लोगों ने आईटीआई कॉलेज पुनः खोलने के लिए नोहटा पहुंचकर राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने मांग की है कि तेंदूखेड़ा में पुनः आईटीआई कॉलेज पुनः खोली जाएं क्योंकि कॉलेज बंद होने से छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कवि चन्द्रभान सिंह लोधी ने बताया कि हमें प्राइवेट कॉलेज नहीं चाहिए बल्कि सरकारी कॉलेज को ही खोला जाए। और जुलाई के महीने में ही सरकारी पोर्टल पर तेंदूखेड़ा आईटीआई कॉलेज का नाम मेंशन करवाया जाए ताकि छात्र एडमिशन लेकर च्वाइस फिलिंग करवा सकें और जिन छात्रों का एडमिशन नोहटा कॉलेज में हुआ है उनका ट्रांसफर तेंदूखेड़ा में किया जाए। यदि 10 दिन के अंदर यह नहीं होता है तो हम लोग स्वतंत्र हैं आगे विशाल आंदोलन करेंगे। राजा खान ने बताया कि यह जनहित का मुद्दा है छात्रों को बहुत परेशानी आ रही है उनको अन्य शहरों में पढ़ने जाना पढ़ रहा है। इसलिए हम लोग मांग कर रहे है कि तेंदूखेड़ा में पुनः आईटीआई कॉलेज खोली जाए। किसानपुत्र दुर्गेश सिंह ने बताया कि यदि 10 दिन में हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम लोग आगे विशाल आंदोलन करेंगे और हर कानूनी लड़ाई लड़ेंगे छात्र दीपक नामदेव ने बताया कि हम लोग पहले तेंदूखेड़ा में ही पढ़ते थे लेकिन बीच में ही कॉलेज छोड़नी पड़ी जिससे बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने में कवि चन्द्रभान सिंह लोधी, राजा खान, नरेश लोधी, राहुल सिंह, नीलेश सिंह, दुर्गेश सिंह, प्रियांश सिंह, दीपक नामदेव, बृजेंद्र सिंह, वीर पटेल, पूरन सिंह, प्रवीण राय, धनसिंह आदिवासी, जगत सिंह सहित कई युवा मौजूद रहे।

## शासकीय चिकित्सकों ने क्षय रोगियों हेतु फूड बॉस्केट प्रदान की



**दमोह।** पीड़ित मानवता के लिए 13 चिकित्सकों द्वारा बीएमओ डॉक्टर यू.एस पटेल के मार्गदर्शन में 13 मरीजों के लिए बाजार से खरीद कर फूड बॉस्केट, जिसमें पौष्टिक सामग्री उनके उत्तम स्वास्थ्य हेतु प्रदान की गई। क्षय रोग प्रभारी हरिकिशन दहायत ने बताया यह किट दवा के साथ उनके पौष्टिक आहार मिलने से मरीज तेजी से स्वस्थ होता है। यह एक समाज सेवा से जुड़े लोगों के लिए अनुकरणीय उदाहरण है, हम सभी चिकित्सकों का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने पीड़ित मानवता के लिए यह पुण्य का कार्य किया।

# भाजपा ने भगवान राम के नाम पर सरकार बनाई, अब उन्हीं को लूट रहे- हर्ष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय विशाल बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ब्लॉक अध्यक्षो उप ब्लॉक अध्यक्षो उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसियों जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं को सुलझाने की बात कहीं। पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जो राम नाम की लुट मची है अयोध्या के मंदिर में पहले चंदा चोरी कर जिस तरह चढ़ावा चोरी की गई वह भाजपा और आरएसएस की मिली भगत से हुआ है और इस चोरी में छोटी मछलियों को पकड़कर बड़े चोरों का अब तक नहीं पकड़ा गया यह बात जनज न तक ले जायें। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में लाखों विद्यार्थियों का भविष्य खराब हो गया है कई छात्रों ने तो आत्महत्या तक करली किंतु देश के पीएम शिक्षा मंत्री मूकबधिर बने हुए है। मंत्री मंत्री राजा पटेरिया, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, जिला प्रभारी अतुल बाजपेई ने कहा कि प्रदेश के सीएम ने उज्जैन में बेशकीमती 168 एकड़ जमीन अपने पुत्रों भाई भतीजो रिश्तेदारो के नाम औने पौने दामों पर खरीद ली किंतु जब कांग्रेस पार्टी ने मुद्दा उठाया तो वह मौन हो गये उसकी भी जांच अविलंब की जायें। संजय चौरसिया, नितिन मिश्रा, लक्ष्मण सींग, निधि श्रीवास्तव, प्रदीप खटीक, रजनी ठाकुर, परम यादव, वीरेन्द्र राजपूत, शाहिद नूर, रोहन पाठक, कमला निषाद, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, शमीम कुरैशी, बसंत कुशवाहा, उवेद गौरी, केके वर्मा, बृजेन्द्र सींग, मुकेश रोहितास, दिनेश रैकवार, मंजीत यादव, अरूण दुबे, शुभम तिवारी, दृगपाल सींग, अमर सींग, डालचंद कुशवाहा, गीता लोधी, लाखन सिंह, अजय जाटव, रियाज खान ने कहा भाजपा ने पहले राम के नाम पर सरकार बनाई फिर चंदा चोरी और चढ़ावा चोरी करके सांसद विधायक खरीदे चुनाव आयोग भाजपा सरकार की कठपुतली बन कर काम कर रहा है पिछले दिनों मप्र के सीएम मोहन यादव ने तबादला उघोग चलाया जिसमें छोटे कर्मचारी शिक्षक नर्सो से 3 लाख लेकर उनके तबादले किये गये भाजपाई गौशालाओं का कई करोड़ का चारा खा गये जिसकी जांच होनी चाहिये।

हटा से योगेश सराफ, घनश्याम यादव, रामनाथ राय पटेरा से नन्देलाल चौरसिया, धर्मेन्द्र जैन, भरत ताम्रकार, गनपत कोरी, कलीमुद्दीन हिण्डोरिया से एमएस राही, प्रवेन्द्र चन्द्राकर जबेरा से ओपी शर्मा, अखिलेश सोनी नोहटा से संतोष रजक, राजा खान पथरिया से भरत श्रीवास्तव, प्रदीप पटेल, पिंकी दुबे तेन्दुखेड़ा से नीलेश यादव, तुला यादव, कृष्णा यादव ने कहा किसानों को खाद बीज बिजली की उपलब्धता समय पर नहीं करवाई जा रही है किसान सोसायटी के चक्कर लगाकर परेशान है अगर किसानों की मांग नहीं मानी गई तो हम सब मुख्यालय पर धरना देगें। इस अवसर पर पार्षद विक्रम ठाकुर, लीला रमेश राठौर, जीशान पाठन, रफीक खान, अफजल खान, अमर सींग, मिक्की चंदेल की भी उपस्थिति रहीं।

# राज्यमंत्री की पहल से 102 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण



**दमोह।** जबेरा विधानसभा में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की पहल पर प्रत्येक शनिवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई आमजन के लिए राहत का माध्यम बनती जा रही है। हर शनिवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इस जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर उपस्थित रहते हैं, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इससे क्षेत्रवासियों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है, शनिवार को आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को सरल, सुलभ और प्रभावी प्रशासन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं औपचारिकताओं की कमियों को भी संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरा कराया जा रहा है। इससे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा सरकार की मंशा है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके क्षेत्र में ही हो और उन्हें अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार नियमित जनसुनवाई आयोजित की जा रही है।

# लीनेस मैत्री द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लीनेस मैत्री क्लब की पहल पर छात्राओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी विशेष कार्यक्रम उड़ान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के जिले के क्षय रोग विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास महारानी लक्ष्मीबाई कन्या माध्यमिक शाला परिसर में अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास चौनपुरा की छात्रायें एवं क्षय रोग विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण साथ लीनेस मैत्री क्लब मित्रों द्वारा मासिक धर्म पर स्वच्छता जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर्यावरण स्वास्थ्य का कैसे सहयोगी है विषय पर विचार रखें स्वास्थ्य विभाग से पधारे डॉक्टर गौरव जैन क्षय रोग एवं उससे बचाव पर अपने विचार व्यक्त किये उन्होंने कहा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी ऐसे व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार नहीं करना चाहिए बल्कि उसकी बीमारी में सहयोग कर उसके आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। लीनेस क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा बच्चियों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है तो उनका शिक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहता है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर नर्मदा सिंह ने कहा मानसिक खुशी जीवन में महत्वपूर्ण है यदि मानसिक खुशी बनाए रखने के लिए हमें प्राणायाम एवं ध्यान करना चाहिए। सचिव ज्योति ने सेल्फ लव पर अपने विचार रखें रखते हुए अपने आप से प्यार करना चाहिए खुद के लिए भी कुछ समय निकालना चाहिए। ज्योति सचदेव ने कहा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो तो उनसे हम सुरक्षित रहेंगें। सपना राजपूत ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखें इसी के साथ बच्चों का स्कैनिंग कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर गौरव जैन दीपक राजपूत, मानक लाल रैकवार, राजकुमार पटेल, राजा नवीन चेतन अग्रवाल जी मुख्य रूप से उपस्थित रहें लीनेस मैत्री क्लब के अध्यक्ष श्रीमती रजनी खरे, ज्योति सचदेव, भावना शिवहरे, कविता चांदानी, सपना राजपूत, आशा अग्रवाल, भावना शिवहरे मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आभार छात्रावास अधीक्षक श्रीमती नीता गोस्वामी ने किया। विशेष सहयोग चौनपुरा छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती रानू आर्य जी का रहा छात्राओं ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी एवं कार्यक्रम के वक्ताओं को बेहद उत्साह एवं आनंदित होकर सुना गिफ्ट के रूप में सभी छात्राओं को थर्मल कूलिंग वॉटर प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती नर्मदा सिंह एकता द्वारा प्रदान की गई गिफ्ट पाकर बच्चे बहुत ही प्रसन्न हुये।

## बारिश के मौसम में आम नागरिकों से की विशेष सावधानी बरतने की अपील

**सिंग्रामपुर।** बारिश के दौरान तेज आंधी-तूफान और लगातार बारिश के कारण विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. दमोह के अधीक्षण अभियंता द्वारा आम नागरिकों से इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में बिजली के खंभों से सुरक्षित दूरी बनाये रखें क्योंकि खराब मौसम के दौरान लीकेज करेंट, तार टूटने तथा अन्य विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। अधीक्षण अभियंता द्वारा अपील के माध्यम से यह भी अनुरोध किया गया है कि विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर तथा हाई टेंशन और एल.टी.लाइनों से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाये रखें। लोहे की चादर वाले पान ठेलों और दुकानों में सुरक्षित पीवीसी पाईप के माध्यम से वायरिंग करायें, अपने पालतू पशुओं को बिजली के खंभों या स्टे वायर से न बांधें, बारिश के दोरान गीले हांथों अथवा नंगे पैर किसी भी विद्युत उपकरण, तार या स्विच बोर्ड को न छुयें तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। जल-भराव वाले स्थानों पर एवं बिजली के खंभों के पास जाने से बचें तथा ऐसे स्थानों पर रखे विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें। छत या दीवारों से रिसाव, खराब या पुरानी वायरिंग, ढीले कनेक्शन तथा कमजोर अर्थिंग के कारण करेंट फैलने का खतरा बना रहता है इसलिए समय-समय पर किसी प्रमाणित इलेक्ट्रिशियन से घरेलू वायरिंग और अर्थिंग की जांच कराते रहें। कटे-फटे तारों को बदलें और इनका कतई उपयोग न करें, यदि कहीं बिजली का तार, केबिल या पोल टूटा हुआ दिखाई दे तो उसके पास न जायें न ही उसे उठाने का प्रयास करें, ऐसी स्थिति जानलेवा हो सकती है। अधीक्षण अभियंता ने सुरक्षा की दृष्टि से जिले के सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं से निवेदन किया है कि उनके क्षेत्र में यदि कहीं भी बिजली का तार, केबिल या पोल टूटा हुआ दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दें। विद्युत संबंधी शिकायत अथवा आपात स्थिति में कंपनी के टोल फ्री नबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा समीप के विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय में सूचना दे सकते हैं।

## शहीदाने करबला वालों की याद मे आम लंगर का प्रोग्राम सम्पन्न

**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय बस स्टैंड पर हजरत इमाम-हुसैन रजि. व शहीदाने कर्बला वालों की हक़ और बातिल की जंग मे मजहबे इस्लाम एवं विश्व मे मोहसिने इंसानियत को बचाने के लिये दी गई अजीमुश्शान कुर्बानी की याद में विशाल लंगर- ए- आम का आयोजन किया गया। इस आम लंगर के प्रोग्राम में नगर के मुस्लिम भाईयों के अलावा हिन्दू भाईयों ने भी बडी. तादाद में शिरकत की। एवं अपनी वर्षों पुरानी गंगा जमुनी तहजीब एवं भाईचारा की भावना का परिचय दिया। इस मजहबी आयोजन मे स्थानीय बस स्टैंड के सभी दुकानदारों एवं झिरिया मोहल्ला अब्दुल्ला वार्ड नं. 06 के नौजवानों की तन मन धन के साथ निभाई गई भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। इस मौके पर लंगर- ए- आम के आयोजन शुरू होने के पहले हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैयहे वसल्लम, हजरत इमाम हुसैन रजि. व सभी शहीदाने कर्बला वालों के सदके मे तमाम आलम के इंसानों, अपने वतन, अपनी बस्ती एवं आयोजकर्ता समिति के सभी नौजवानों के हक़ मेअमनो-अमान,इकजेहती खुशहाली, तरक्की, कामयाबी, सेहतयाबी एवं उम्रदराजी की सामुहिक दुआ भी मांगी गई।



# प्राचार्य का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर, नरसिंहगढ़ में वर्ष 2021 से सेवाएं दे रहे प्राचार्य श्री राजाराम मिश्रा के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा एवं पत्रकारिता से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेश कुमार पाठक 'राजा साहब' अध्यक्ष, नरसिंह शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सहमी दीदी पूर्व प्राचार्या, शासकीय हाई स्कूल तथा मुख्य वक्ता के रूप में लक्ष्मण सिंह (संभाग शारीरिक प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में परम सिंह व्यवस्थापक, समिति, बद्री प्रसाद गुप्ता, शील चंद्र जैन प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल, श्रीमती धनबाई लोधी वार्डन, बालिका छात्रावास, श्रीमती माया पटेल समिति सदस्य जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष मोदी, प्रेम नारायण मिश्रा, राजाराम मिश्रा के पिता, श्रीमती सुनीता मिश्रा एवं मिश्रा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पुरुषोत्तम लाल चौरहा, श्री गणेश सिंह, श्रीमती सुनीता लोधी एवं श्रीमती चंद्रमणि राजपूत सहित समस्त आचार्य परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता लक्ष्मण सिंह, बद्री प्रसाद गुप्ता एवं डॉक्टर कुलदीप सहमी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में राजाराम मिश्रा के अनुशासित, समर्पित एवं संस्कारवान शैक्षणिक जीवन की सराहना की। अध्यक्ष बृजेश कुमार पाठक 'राजा साहब' ने अपने आशीर्वचन में उनके योगदान को विद्यालय और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य राजाराम मिश्रा ने अपने सेवाकाल के संस्मरण साझा करते हुए विद्यालय परिवार, समिति एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सम्मान समारोह में नरसिंह शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति की ओर से अध्यक्ष बृजेश कुमार पाठक ने मिश्रा को □11,000 का सम्मान-चेक भेंट किया। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य परसराम सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए समारोह का समापन किया।

## खबर संक्षेप

### 14 जुलाई से घर-घर पहुँचेगी स्वास्थ्य सेवाएँ

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित होने वाले दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समन्वय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक प्रभावी रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचे। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास अमला बेहतर समन्वय के साथ कार्य करे। कलेक्टर श्री यादव ने सीबीएमओ को निर्देशित किया कि अभियान के तहत दी जाने वाली सेवाओं का नियमित अवलोकन कर मौके पर ही आवश्यक सुधार सुनिश्चित करायें। काम में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही प्रस्तावित

### जिले में 289.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 289.9 मि.मी. अर्थात 11.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 206.6 मि.मी. अर्थात 8.1 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 496.5 मि.मी. अर्थात 19.5 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 472.4 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 266 मि.मी., हटा 371.2 मि.मी., जबेरा में 239 मि.मी. पथरिया 352 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 204.8 मि.मी, बटियागढ़ 124 मि.मी. तथा पटेरा में 472.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# जिले के 14 ब्लैक स्पॉट सात दिन में होंगे सुरक्षित, कलेक्टर ने दिये सख्त निर्देश

- **जहां-जहां यू-टर्न, अंधे मोड़, ढलान अथवा दुर्घटना की संभावना वाले स्थान हैं, वहां दोनों ओर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालक पहले से सतर्क होकर गति नियंत्रित कर सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके- कलेक्टर**
- **जिले के सभी मार्गो पर साइन बोर्ड लगवाना सभी एजेंसी सुनिश्चित करें- पुलिस अधीक्षक**
- **सड़क हादसे रोकने के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने दिए सख्त निर्देश**
- **अतिक्रमण हटाने, संकेतक लगाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और पीएम राहत योजना से दुर्घटना पीड़ितों का इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



लोगों का जीवन अमूल्य है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में सर्वाधिक दुर्घटनाओं वाले 14 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, अंधे मोड़ों पर चेतावनी संकेत तथा अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपाय सात दिनों के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं, जहां-जहां यू-टर्न, अंधे मोड़, ढलान अथवा दुर्घटना की संभावना वाले स्थान हैं, वहां दोनों ओर स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालक पहले से सतर्क होकर गति नियंत्रित कर सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस आशय की बात कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कही। बैठक में जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में सड़क किनारे होने वाले अतिक्रमण को भी दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण मानते हुए नगरीय निकायों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होने सीएमओ से कहा सड़क किनारे लगने वाली अस्थायी दुकानों को हटाकर उन्हें निर्धारित सब्जी मंडी, फल मंडी एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर व्यवस्थित किया जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाने के बाद कम से कम एक सप्ताह तक नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि दोबारा कब्जा न हो सके। निर्धारित स्थलों पर साफ-सफाई, सूचना बोर्ड एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होने बताया जून माह में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अप्रैल की तुलना में कम हुई है, जो प्रशासनिक प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने कहा लक्ष्य दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाना है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में विशेष रूप से तेंदूखेड़ा कोतवाली थाना क्षेत्र को सबसे अधिक दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र बताया गया। उन्होने कहा समीक्षा में सामने आया कि वहां कई स्थानों पर संकेतकों का अभाव है तथा मोड़ों के पास पेड़ों के कारण दृश्यता प्रभावित होती है। इसके चलते कई गंभीर दुर्घटनाएं एवं ट्रकों के पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों पर तत्काल संकेतक लगाए जाएं। उन्होंने कहा इस प्रकार के छोटे कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1.50 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि दुर्घटना पीड़ितों का उपचार आयुष्मान योजना के बजाय प्राथमिकता से प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रावधानों के तहत कराया जाए, ताकि अन्य उपचारों के लिए आयुष्मान योजना का लाभ सुरक्षित रह सके।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा सड़क सुरक्षा महत्वपूर्ण है, जहां-जहां की सड़को की समस्या बताई गई है, उस पर संबंधित एजेंसी काम कर आगामी बैठक में पालन प्रतिवेदन और फोटोग्राफस सहित आयें। उन्होने कहा बटियागढ़ क्षेत्र के उल्लेखित क्षेत्र में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्तिच की जायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा जबलपुर-तेंदूखेड़ा मार्ग पर शार्ट टर्म पर त्वरित रूप से साइन बोर्ड जहां आवश्यक है, लगाये जायें।

उन्होने कहा जिले के सभी मार्गो पर साइन बोर्ड लगवाना सभी एजेंसी सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगि ने पीएम राहत योजना पर चर्चा करते हुए मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी से कहा सभी अस्पतालो की आई.डी जनरेट कर योजना का लाभ संबंधितो को मिले सुनिश्चित किया जायें। प्रधानमंत्री राहवीर योजना के संबंध में प्रचार प्रसार करने और पात्रो को लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पुलिस अभिरक्षा से भागा फर्जी चिकित्सक पुनः सीखचों के पीछे



### भगोड़ा आरोपी को पूछताछ कर किया न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रनेह

पुलिस अभिरक्षा से भागा शातिर कथित तौर पर फर्जी डॉक्टर बताया जा रहा है आरोपी के फरार होते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। रनेह पुलिस ने अपनी वर्दी पर लगे दाग को धोने आरोपी की तलाश में दिन रात एक कर दिया। हर उस जगह दबिश दी गई जहां आरोपी के मिलने की संभावना नजर आई। पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सहायता से अपने प्रयासों में सफलता हासिल की।

बताया जाता है कि दिल्ली, झांसी, टीकमगढ़ फरार आरोपी के घर और रिश्तेदारों के यहां लगातार दबिश दी गई लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप रनेह पुलिस टीम ने आरोपी की लोकेशन हटा थाने के हारट पुल चिन्हित की। थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने हमराह स्टाफ के साथ योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रनेह थाना लाया गया। नवागत एसडीओपी हटा कृष्ण पाल सिंह की मौजूदगी में पूछताछ के बाद आरोपी को हटा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे पुनः जेल भेज दिया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि दिनांक 06/07/26 को थाना रनेह के अपराध क्रमांक 37/26 धारा 105 बी.एन.एस. 24 म.प्र. आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम की विवेचना कार्यवाही हेतु मामले के आरोपी लीलाधर चौधरी पिता नन्हेभाई चौधरी निवासी ग्राम बमनपुरा को माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर पुलिस रिमाण्ड पर उपजेल हटा से निकाल कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया था जो दिनांक 07/07/26 की रात्रि 03.14 बजे आरोपी वैध अभिरक्षा से जानबूझकर हथकड़ी तोड़कर फरार हो गया था, जो अप.क्र. 51/26 धारा 262 बीएनएस का आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस दौरान विवेचना आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये। दिनांक 10/07/26 को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के दिशा-निर्देशन में डीएसपी (ऐ.जे. के) सौरभ त्रिपाठी, एसडीओपी हटा कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में गठित टीम उनि. चंदन सिंह निरंजन आर. तेजेन्द्र, आर. हर्षवर्धन पटैल एवं आर. भूपेन्द्र को आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया गया था जो शनिवार को उक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एवं सायबर सेल दमोह से आर. मयंक दुबे की मदद से आरोपी लीलाधर चौधरी पिता नन्हेभाई चौधरी निवासी ग्राम बमनपुरा थाना पटेरा को हारट पुल थाना हटा से गिरफ्तार किया गया है।

### श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली, जगह जगह श्रद्धालुओं ने किया स्वागत...

# श्री चन्द्रप्रभु भगवान के समोशरण की हुई भव्य अगवानी







हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

छुल्ला ग्राम से श्री चंद्रप्रभु भगवान जी के समोशरण की शहर के वसुंधरा नगर जैन मंदिर में स्थापना हेतू भव्य अगवानी की गई। प्रातः काल छुल्ला जैन मेंदिर में पूजन अर्चन के पश्चात विधि विधान से श्री चंद्रप्रभु भगवान जी सहित अन्य सभी जिन प्रतिमाओं को रथ पर बिठालकर बग्गी के माध्यम से दमोह लाया गया जहां पर भव्य अगवानी की गई। मंगल आगवानी के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भगवान के जयघोषों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सागर नाका जैन मंदिर से शोभायात्रा तीन गुल्ली, किल्लाई नाका होते हुये वसुंधरा नगर पहुंची। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्री जी का आरती, श्रीफल चढ़ाकर एवं श्रद्धाभाव से स्वागत किया गया। आकर्षक साज-सज्जा, धार्मिक ध्वज, गाजे बाजे एवं भगवान की मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के लिये आकर्षण का केंद्र रही। पुरुष, महिलाएं, युवा एवं बच्चों ने अनुशासित ढंग से शोभायात्रा में सहभागिता कर धर्म के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। आयोजन को सफल बनाने में श्री 1008 चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर समिति, ग्राम छुल्ला (जिला सागर) एवं श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति, वसुंधरा नगर, दमोह के साथ दमोह की समस्त जैन संस्थाओं, मंदिर समितियों, युवा एवं महिला मंडलों, स्वयंसेवकों तथा सकल जैन समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा। शोभायात्रा के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने भी आवश्यक व्यवस्थाएं संभालते हुए आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। आयोजन के समापन पर मंदिर समितियों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों, स्वयंसेवकों, प्रशासन, पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, अनुशासन एवं सेवा-भाव से यह आयोजन ऐतिहासिक, भव्य और अविस्मरणीय बन सका।

वसुंधरा नगर जैन मंदिर में सभी जिन प्रतिमाओं जी का अभिषेक किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ नवीन वेदी पर चंद्रप्रभु भगवान के समोशरण को विराजमान किया जायेगा। आज सुबह याग मंडल विधान एवं वेदी शुद्धि का कार्यक्रम होगा।

## ग्राम बिलानी के बच्चें कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने के लिए मजबूर



**पथरिया।** प्रदेश के पशुपालन मंत्री के विधानसभा क्षेत्र जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलानी में यादव कालोनी में निवासरत परिवार के छोटे-छोटे कई स्कूली बच्चें रोज करीब डेढ़ किलोमीटर दूर कीचड़ भरे रास्ते में से स्कूल आने-जाने के लिए मजबूर है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सिलसिला कई वर्षो से ऐसे ही चल रहा है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई सुद नहीं ली गई स्थानीय छात्र-छात्राओं एवं लोगों द्वारा कलेक्टर महोदय से शीघ्र पक्की सड़क की माँग की जा रही है।

## डबल लॉक तेन्दूखेड़ा एवं दमोह के उर्वरक नमूना अमानक पाए जाने पर विक्रय प्रतिबंधित एवं नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन पर उप संचालक कृषि जे. एल. प्रजापति द्वारा उर्वरक एवं बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों से कराया गया। क्षेत्र से शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि, दमोह जिले में उर्वरक एवं बीज के विक्रय में कालाबाजारी हो रही है। प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कराये जाने एवं नमूना लिए जाने पर अनियमितताएं पाए जाने के कारण प्रतिष्ठानों के विरूद्ध की गई कार्यवाही गई है। इन प्रतिष्ठानो में मेसर्स राधाकृष्ण खाद भण्डार द्वारा अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने पर लायसेंस निलंबित किया गया। मेसर्स राकेश कृषि केन्द्र हटा द्वारा पीओएस मशीन एवं भौतिक रूप से स्टॉक में अंतर पाए जाने पर लायसेंस निलंबित किया गया। मेसर्स दिगम्बर कृषि सेवा केन्द्र दमोह द्वारा पीओएस मशीन एवं भौतिक रूप से स्टॉक में अंतर पाए जाने पर लायसेंस निलंबित किया गया। मेसर्स पारस ट्रेडर्स बटियागढ़ द्वारा पीओएस मशीन एवं भौतिक रूप से स्टॉक में अंतर पाए जाने पर लायसेंस निलंबित किया गया। राकेश जैन ग्राम सर्रा विकासखण्ड तेन्दूरखेड़ा द्वारा बिना लायसेंस के उर्वरक का भण्डारण पाए जाने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जी.पी. बैन द्वारा थाना तारादेही में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। इसी क्रम में मेसर्स साई कृषि सेवा केन्द्र तेन्दूखेड़ा प्रो. सत्यम सिंह लोधी द्वारा लायसेंस में पी.सी.जुड़वाये बिना एवं अन्य अनियमित्ताए पाए जाने पर बीज विक्रय लायसेंस निलंबित किया गया। मेसर्स नैतिक कृषि सेवा केन्द्र तेन्दूाखेड़ा प्रो. रोशनी पाल द्वारा लायसेंस में पी.सी. जुड़वाये बिना एवं अन्यि अनियमित्ताए पाए जाने पर बीज विक्रय लायसेंस निलंबित किया गया। मेसर्स आराध्या कृषि सेवा केन्द्र तेन्दूाखेड़ा प्रो. दिव्या ठाकुर द्वारा लायसेंस में पी.सी.जुड़वाये बिना एवं अन्यए अनियमित्ताएं पाए जाने पर बीज विक्रय लायसेंस निलंबित किया गया। मेसर्स रिद्धिमा ट्रेडिंग कम्पेनी कचौरा शोपिंग सेन्टार दमोह का बीज नमूना अमानक पाए जाने पर विक्रय प्रतिबंधित एवं लायसेंस निलंबन कार्यवाही की गई। मेसर्स नायक ऐसोसिऐट दमोह का एनपीकेएस उर्वरक 20:20:0:13 अमानक पाए जाने पर विक्रय प्रतिबंधित एवं लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई। डबल लॉक केन्द्र दमोह का उर्वरक एनपीकेएस उर्वरक नमूना 20:20:0:13 अमानक पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस एवं विक्रय प्रतिबंधित किया गया। डबल लॉक केन्द्र तेन्दूाखेड़ा का सिंगल सुपर फॉस्फेट का नमूना अमानक पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस एवं विक्रय प्रतिबंधित किया गया।

## पेट्रोल पंपों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, बिना विस्फोटक लाइसेंस, संचालित तीन पंप होंगे सील

### 10 टीमो ने एक साथ किया 10 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण, दो पंपों पर स्टॉक में मिली गड़बड़ी

**दमोह।** जिले में पेट्रोल पंपों पर अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष जांच अभियान चलाया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर गठित 10 टीमों ने जिले मे पहली बार एक साथ 10 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीन पेट्रोल पंप बिना वैध विस्फोटक लाइसेंस के संचालित पाए गए, जिन पर सील करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं दो पेट्रोल पंपों पर स्टॉक में कमी मिलने पर संबंधित तेल कंपनियों को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जा रहा है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से पेट्रोल पंपों पर अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी के आधार पर प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर निरीक्षण कराया। जांच में श्री ठाकुर पेट्रोलियम (नरसिंहगढ़), एम.के. राय किसान सेवा केंद्र (चिलौद) और श्री विनायक सेवा केंद्र (बनवार) बिना विस्फोटक लाइसेंस के संचालित पाए गए, जिन पर सील करने की कार्रवाई की जा रही है, उन्होंने कहा दो अन्य पेट्रोल पंपों पर स्टॉक रजिस्टर के अनुरूप पेट्रोलियम पदार्थ का भंडारण नहीं मिला। ऐसे मामलों में संबंधित तेल कंपनियों को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है। कलेक्टर श्री यादव ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों से शासन के निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा वैध विस्फोटक लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण एवं विक्रय किया जाए तथा स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक स्टॉक में किसी प्रकार की विसंगति न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक जिले में 30 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा चुका है और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन की सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### कारस देव मंदिर प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण

**जबेरा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड जबेरा के खंड नोहटा द्वारा सेवा सप्ताह कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत कारस देव जी मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण के उद्देश्य से नीम और अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राम मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड मंत्री राजकुमार रजक, उपाध्यक्ष माधव प्रसाद यादव, संयोजक पंकज सिंघई, खंड संयोजक लकी रैकवार, मंत्री आनंद विश्वकर्मा, अटल यादव, दादा रामदयाल रजक, अभिषेक झारिया एवं संस्कार सेन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 14 खाद दुकानों में अनियमितताएं पाए जाने पर 10 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

**एक विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज तथा तीन अन्य मामलों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई जारी बोनी सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण, खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए 38 दुकानों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



कृषि बोनी सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज उपलब्ध हो, इसके लिए जिला प्रशासन लगातार खाद-बीज विक्रेताओं पर निगरानी बनाए हुए है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा जिले में अब तक 38 खाद-बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराया गया है। जांच के दौरान 14 दुकानों में अनियमितताएं पाए जाने पर 10 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। वहीं एक विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है तथा तीन अन्य मामलों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रशासन का उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज उपलब्ध कराना और कालाबाजारी व अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रखना है। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा जिले में वर्तमान में लगभग 14 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। किसान ई-विकास पोर्टल के माध्यम से टोकन प्राप्त कर खाद का वितरण सुगमता से करवा सकते हैं। उन्होने किसानों से अपील की कि वे खाद की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता न करें। राज्य शासन द्वारा खाद खरीदने के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसान इस योजना का लाभ उठाकर वर्तमान बोनी के साथ-साथ आगामी फसलों की आवश्यकता के अनुसार भी खाद का अग्रिम भंडारण कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिले में डीएपी, यूरिया एवं अन्य सभी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।